Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 अंक-55 सागवाड़ा, मंगलवार, 8 नवम्बर, 2022 भाषा : हिन्दी ई-पेपर अवधिः (वार्षिक) मूल्य-10 रु. पृष्ठ-1





# वागड़ महोत्सव – सागवाड़ा में रंगारंग सांस्कृतिक संध्या

## स्थानीय प्रतिभाओं ने भी दी प्रस्तुतियां

**सागवाडा।** तीन दिवसीय वागड़ महोत्सव का सागवाड़ा उपखंड मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक संध्या के साथ रंगारंग समापन हुआ।

महिपाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान में शाम को दीपोत्सव तथा सांस्कृतिक संध्या हुई। मुख्य अतिथि दिनेश खोडनिया, अति विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया, विशिष्ट अतिथि उपखंड अधिकारी सागवाड़ा मणीलाल तीरगर, तहसीलदार रमेश, विकास अधिकारी मूलाराम सोलंकी, सीबीईओ नरेन्द्र भट्ट, एसीबीईओं द्वितीय रोहित जोशी थे।

पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के कलाकारों अम्बादास श्रवण गवली महाराष्ट्र से आये दल द्वारा सोंगी मुखोटे नृत्य, राजस्थान के जितेन्द्र कुमार एवं दल द्वारा मयूर नृत्य, गौकुलेश वसावा एवं दल गुजरात द्वारा होली नृत्य तथा मध्य प्रदेश के उमेश कुमार नामदेव एवं दल द्वारा बधाई नोरता का समावेश करते हुए कलाकारों द्वारा आकर्षक एवं मनोहारी प्रस्तुतियां दी गई।

इस अवसर पर स्थानीय वागड प्रतिभाओं जेठाना के सुरेश डांगी, प्रियांशी, काव्या एवं ग्रुप, सागर कोरियोग्राफर एवं राहुल डेण्डोर, बिपाशा डेण्डोर एवं दल, युक्ता जैन एवं दल तथा अलंकार डांस ग्रुप सागवाड़ा द्वारा बेहद ही आकर्षक चरी नृत्य, रोबोट नृत्य, घुमर आदि कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई।

कार्यक्रम प्रभारी एसीबीईओ द्वितीय रोहित जोशी एवं व्याख्याता राजेश जैन ने बताया की रंगोली प्रतियोगिता में कुल 31 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सागवाड़ा की प्रज्ञा सुथार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा महिपाल सीनियर सेकेंडरी विद्यालय की हेंसी जैन ने द्वितीय तथा स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सागवाड़ा की कात्यानी पटेल ने तृतीया स्थान प्राप्त किया । इसी क्रम में मेहंदी प्रतियोगिता में कुल 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें सागवाड़ा की





सुश्री नेहा भासरिया ने प्रथम, पुनर्वास कॉलोनी सागवाड़ा की श्रीमती मनीषा जैन ने द्वितीय, महिपाल सीनियर सेकेंडरी विद्यालय की तस्नीम मुंसरी एवं दीपाली सुथार ने तृतीया स्थान प्राप्त किया। मटकी दौड़ प्रतियोगिता में कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम डिंपल कटारा वाडेल विद्यालय तथा द्वितीया सुश्री मोनिका डामोर रहे इसी तरह रस्साकसी प्रतियोगिता में प्रथम फ्लावर किड्स पंचवटी विद्यालय सागवाड़ा तथा द्वितीय राजकीय महिपाल सीनियर सेकेंडरी विद्यालय सागवाड़ा रहें। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक राजेश कुमार जैन, प्राचार्य सिद्धि कॉलेज सागवाड़ा डॉ लोकेश कुमार भट्ट तथा अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सागवाड़ा रोहित जोशी ने किया।

# स्कूली बच्चों के जान के साथ खिलवाड़, प्रशासन मौन

- ओवरलोड बस फ्लावर किड्स स्कूल के 70 बच्चों को बैठाकर ले जा रही थी
- ट्रैक्टर ट्रॉली से पीछे से टकराई अनुबंधित स्कूल बस, शीशे फूटने से बच्चो को आई मामूली चोटें,





**सागवाडा।** सागवाड़ा थाना क्षेत्र में बरबोदनिया मोड़ पर एक अनुबंधित स्कूल बस ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में बस के शीशे फूट गए, इससे बच्चों को मामूली चोटें आई है। बस में ओवरलोड 70 से ज्यादा बच्चे बैठे हुए थे। वही घटना के बाद 3 थानों की पुलिस भी अपना इलाका नहीं होना बताकर मौके पर नहीं पहुंची। करीब घंटेभर बाद सागवाड़ा पुलिस ने आकर कार्रवाई की। सागवाड़ा क्षेत्र में फ्लावर किड्स स्कूल की अनुबंधित बस रोजाना की तरह बच्चों को लेने पहले विराट और फिर बरबोदनिया गांव गई। दोनों गांव से 70 से ज्यादा स्कूली बच्चों को लेकर बस जा रही थी। उसी दौरान बरबोदनिया मोड़ पर आगे चल रही ट्रैक्टर ट्रॉली से स्कूल बस टकरा गई। इससे बस के शीशे फूट गए। कांच के टूकड़े लगने से कई बच्चो को मामूली चोटें आई। वही मौके पर गांव के लोगो की भीड़ इकट्ठी हो गई।

लोगो ने पहले वरदा थाना पुलिस, फिर सागवाड़ा ओर फिर ओबरी थाना पुलिस को फोन कर घटना के बारे में बताया। लेकिन तीनो ही थाना पुलिस पहले अपना इलाका नहीं होना बताकर टालते रहे। घटना के करीब घंटेभर तक तीनो में से किसी भी थाने की पुलिस नही पहुंची। इसके बाद आखिर में सागवाड़ा थाना पुलिस पहुंची। घायल बच्चो का इलाज करवाया गया। गनीमत रही की बड़ा हादसा नहीं हुआ।

अनुबंधित स्कूल बस के पहले से ब्रेक फेल थे। ये बात स्कूल बस का ड्राइवर जानता था। बावजूद वह जानबूझकर आज बच्चो को लेने चला गया। बस में बच्चो को बैठाकर ले जाते समय बस का ब्रेक नही लगने से ट्रैक्टर ट्रॉली से पीछे से टकरा गई। ये घटना ड्राइवर की लापरवाही की वजह से हुई।

वही दूसरी सबसे बड़ी लापरवाही बस में क्षमता से ज्यादा बच्चो को भरा गया था। बस की क्षमता 30 से 40 सवारियों की है, लेकिन इसमें 70 बच्चो को बैठाकर ले जा रहे थे। ऐसे में स्कूल बस के नियमो में खुलेआम लापरवाही बरती जा रही थी।

## वोट फॉर चेंज लाइन को आगे बढ़ाएंगे:खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के साथ चुनावों की समीक्षा करेंगे। साथ ही खड़गे नौ नवंबर को दो रैलियों को संबोधित करेंगे। इस बारे में हिमाचल प्रदेश के प्रभारी सचिव संजय दत्त ने बताया कि खड़गे 12 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए 10 नवंबर को प्रचार समाप्त होने से एक दिन पहले बुधवार को बनूती और पंझेरा में दो रैलियों को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी रैलियों की बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और हमें विश्वास है कि हम अगली सरकार बनाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या रैलियों में भीड़ वोटों की गारंटी हो सकती है, दत्त ने कहा कि यह योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रैलियों के लिए लामबंदी बूथ-वार की जा रही है। इससे हमें मतदान के दिन भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमने इस पर काम किया है और हम अपनी योजना को लागू करेंगे। हालांकि हिमाचल अभियान का नेतृत्व एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा कर रही हैं, जो पहाड़ी राज्य में चार रैलियों को संबोधित करेंगी।

## बेणेश्वर धाम और चिखली के कोचरी धाम धूणी से आज निकलेगी जनजाति गौरव यात्रा

**सागवाड़ा।** भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती के अवसर पर आहूत होने वाली आठ से 15 नवम्बर तक चलने वाली जनजाति गौरव यात्रा बेणेश्वर धाम और चिखली के कोचरी धाम धूणी से मंगलवार को प्रारंभ होगी।

संयोजक हरीश मीणा ने बताया कि रथ यात्रा का विस्तृत मार्ग तय किया गया है। प्रथम यात्रा का शुभारंभ आठ नवम्बर को भगवान बिरसा मुंड़ा, गोविंद गुरु, मावजी महाराज के साथ अन्य जनजाति के स्वतंत्रता संग्राम के योद्धाओं के चित्रों से सुसज्जित रथ से संतो एवं मेट कोतवालों के सान्निध्य में कोचरी धाम से भक्तों की उपस्थिति मे स्थानीय भजन मंडली के माध्यम से चिखली पहुंचेगा। रात्रि विश्राम में भजन मंडली के माध्यम से जन जागरण होगा। नौ नवम्बर की यात्रा चिखली से शुरुआत होकर बामणियावाड़ा पहुंचेगी। रात्रि विश्राम के दौरान भजन मंडली के कार्यक्रम होंगे। बामणिया वाड़ा से 10 नवम्बर की यात्रा का रात्रि विश्राम पूछियावाड़ा, 11 नवम्बर का डेचा, 12 नवम्बर को गलियाकोट, 13 नवम्बर को फलातेड़ तथा 14 नवम्बर को यात्रा का रात्रि विश्राम गोवाड़ी में रहेगा। गोवाड़ी में बड़ी भजन मंडली होगी। 15 नवम्बर को यात्रा सागवाड़ा नगर में भ्रमण करते हुए विद्यानिकेतन के खेल मैदान में आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम में पहुंचेगी।

दूसरी यात्रा के सह संयोजक रामेश्वर मीणा और गणेशलाल बरगोट निठाउवा ने बताया कि बेणेश्वर धाम से अच्युतानंद महाराज के द्वारा रवाना की जाएगी। यह यात्रा मंगलवार को खानन, बुधवार को लेंम्बाता, 10 नवम्बर को वरवासा माफी, 11 नवम्बर को सरोदा क्षेत्र के तातौला, 12 नवम्बर को कराड़ा वाडा, 13 नवम्बर को मालवी (रणोली), 14 नवम्बर को गामड़ा चारनिया में रात्रि विश्राम के बाद 15 नवम्बर को सागवाड़ा नगर में प्रवेश करेगी। क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने मिलकर व्यापक जन जागरण की रूप रेखा बनाई। यात्रा के अल्पाहार, दोपहर के भोजन, रात्रि विश्राम की तैयारिया प्रारम्भ की गई और यात्रा में अधिक से अधिक जन समूह को जन जागरण के माध्यम से जोडने़ की योजना बनाई। यात्रा में संत, मेट, कोटवाल और धूणी प्रमुखों को जोडने़ के लिए टोलियां भी बनाई गई।

## उपखंड मजिस्ट्रेट कोर्ट के रीडर ने एडवोकेट से की मारपीट



**सीमलवाड़ा ।** सीमलवाड़ा उपखंड कार्यालय में तैनात रीडर अनिल मीणा द्वारा शराब के नशे में चूर हो रिश्वत की मांग करते हुए एडवोकेट जगत सिंह चुंडावत के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर बार एसोसिएशन सीमलवाड़ा ने रोष जताते हुए रीडर अनिल मीणा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट इंदुलाल पाटीदार ने बताया कि एडवोकेट जगत सिंह चुंडावत शनिवार को आवश्यक कार्य से कोर्ट परिसर में अपने टेबल पर बैठ कार्य कर रहे थे कि रीडर अनिल मीणा ने एडवोकेट जगत सिंह को कार्यालय में बुला कर दरवाजा बंद कर दिया। गाली गलौज करते हुए मारपीट की। एक शांति भंग प्रकरण में पाबंद करने की कार्रवाई में रिश्वत नही देने पर चिल्लाते हुए गाली गलौज कर खिड़कियों में लगे पर्दे का एंगल से मारपीट की। रीडर अपने एक अन्य साथी के साथ शराब के नशे में चूर था। आए दिन उपखंड कार्यालय में शराब पार्टी करते है, ओर वकीलों से अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता है। शनिवार को छुट्टी के बावजूद रीडर अनिल मीणा कार्यालय खुला रख शराब की पार्टी की।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट इंदुलाल पाटीदार, पूर्व अध्यक्ष बाल गोविंद पाटीदार, वीरेंद्र सिंह चौहान, भगवान लाल गुर्जर, मनीष कलाल, जगत सिंह, पीयूष कलाल, कर्त्तव्य शाह सहित एडवोकेट ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

## चौरासी महाविद्यालय भवन निर्माण को लेकर शिलान्यास
### विधायक राजकुमार रोत ने कहा कि क्षेत्र का विकास पहली प्राथमिकता



**सीमलवाड़ा ।** डूंगरपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र चौरासी के ब्लॉक झौथरी में ग्राम पंचायत पाल सांसरपुर स्थित गुजरेश्वर मंदिर के पास राजकीय महाविद्यालय चौरासी भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि चौरासी विधायक राजकुमार रोत उपस्थित रहे। विधायक राजकुमार रोत इस क्षेत्र में महाविद्यालय खोलने के लिये पिछले लम्बे समय से प्रयासरत रहे हैं। इस महाविद्यालय को बजट सत्र 2021-22 में स्वीकृति प्रदान की है। सोमवार को चौरासी महाविद्यालय के शिलान्यास को लेकर यहां काफी उत्साह भरा हुआ था, साथ ही विधायक राजकुमार रोत ने पहले निर्माण कार्य शुरू करने संबंधी सभी कार्यो का अवलोकन किया और इसके बाद महाविद्यालय को लेकर वहां आये विभिन्न जनप्रतिनिधि, समाजजन व कार्यकर्ताओं के सामने अपना व्यतत्व दिया। कॉलेज व यहां अन्य विकास कार्यो के लिए विधायक महोदय ने विभिन्न कार्यो को कराने के लिए आगे आये, जिसमें वहां समस्त जनप्रतिनिधियों ने भी सहमति जताई। यहाँ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने को लेकर भी विधायक ने बात रखी। इस कार्यक्रम में झौथरी प्रधान अनिता रोत, उपप्रधान तारा सरपोटा, जिला परिषद सदस्य रामदेव डामोर, कमलेश अहारी, वीणा कटारा, बंशीलाल रोत, पंचायत समिति सदस्य अरूणा गमेती, शीला डामोर, गोपाल मनात, पुष्पा आमलिया, जय रोत, बसंती रोत, कपिल रोत, सरपंच महेश रोत, लीलाराम गमेती, पुंजीलाल रोत व बापुलाल डामोर, जीवा भाई डामोर, चंदू भाई खराडी, दिनेश खराडी, पूर्व उप सरपंच शंकरलाल रोत, मुकेश वार्ड पंच हरिश रोत ढोलका, विनोद परमार भीण्डा मौजूद रहे।

## खाटूश्याम मंदिर आज पूरा दिन रहेगा बंद

**सीकर।** चंद्रग्रहण के चलते 8 नवंबर को सीकर का खाटूश्याम मंदिर पूरे दिन भक्तों के लिए बंद रहेगा। अगले दिन बाबा खाटू श्याम का तिलक और श्रृंगार किया जाएगा। ऐसे में इस दिन शाम 5 बजे ही भक्त मंदिर में दर्शन कर पाएंगे। खाटूश्याम मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष कालू सिंह ने बताया कि 8 नवंबर को चंद्र ग्रहण होने के कारण मंदिर के पट पूरे दिन बंद रहेंगे।

## भाजपा के डबल इंजन डगमगाए, एक 8 दिसंबर तो दूसरा 2024 में होगा सीज : पायलट



**शिमला।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा के दोनों इंजन डगमगा गए हैं। एक इंजन 8 दिसंबर को सीज हो जाएगा।

दूसरा इंजन 2024 में सीज होगा। शिमला में देर सायं प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस के स्टार प्रचारक सचिन पायलट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिमाचल आकर कह रहे हैं उम्मीदवार को मत देखो पार्टी चुनाव चिन्ह देखो। इससे साफ है कि भाजपा के उम्मीदवार कमजोर हैं और जीतने वाले नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल में प्रचंड बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को अहसास हो चुका है कि वह विधानसभा चुनाव की लड़ाई में बहुत पिछड़ गए हैं। भाजपा ने पिछले पांच सालों में कोई विकास नहीं किया। यही कारण है कि वह विकास के दम पर वोट नहीं मांग रही।

इस छोटे से प्रदेश हिमाचल में विस चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह व अन्य नेताओं का बार बार हिमाचल आना यह दर्शाता है कि भाजपा की स्थिति यहां पर कितनी कमजोर है। सचिन पायलट ने भाजपा के संकल्प पत्र की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें भाजपा ओपीएस पर पूरी तरह से मौन है। भाजपा इसे लागू नहीं करना चाहती। अगर वह यहां इसे लागू करने की बात करती है तो देश के अन्य राज्यों में भी लागू करना पड़ेगा।